देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 229 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
क्यों दी है पन्नू को छूट




# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 20 दिसंबर 2023




मौसम अधिकतम 20.0° न्यूनतम 10.0° | 71536.44 | 2 जनरल मुनीर को बाइडन का तोहफा | 7 कमिंस पर बरसा छप्परफाड़ पैसा

# पहले जीतेंगे फिर पीएम चुनेंगे: खरगे

## गठबंधन के पीएम उम्मीदवार के लिए खरगे के नाम का प्रस्ताव

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। इंडिया गठबंधन की बहुप्रतीक्षित बैठक आखिरकार नई दिल्ली में खत्म हो गई है। बताया जा रहा था कि इस बैठक में सीट शेयरिंग और 2024 के लिए प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी पर चर्चा होगी। सूत्रों का कहना है कि टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए एक नाम का सुझाव भी दिया है। वह नाम है कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का। आप चीफ अरविंद केजरीवाल ने भी इसका समर्थन किया है। बता दें कि इससे पहले चर्चा यह भी थी कि ममता बनर्जी खुद को ही विपक्षी गठबंधन के पीएम फेस के लिए प्रस्तावित कर सकती हैं।

बताया जा रहा है कि ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन के संयोजक के लिए भी मल्लिकार्जुन खरगे का ही नाम आगे बढ़ाया है। वहीं आम आदमी पार्टी के चीफ अरविंद केजरीवाल ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया। यह इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक थी जिसे दिल्ली के अशोका होटल में आयोजित किया गया था। बताया यह भी जा रहा है कि गठबंधन के संयोजक पद के लिए अभी किसी का चयन नहीं किया गया है।



वहीं इंडी गठबंधन की हुई बैठक में सीट शेयरिंग मुख्य मुद्दा रहा। इसके साथ ही पीएम उम्मीदवारी को लेकर भी चर्चा हुई। इस बैठक के खत्म होने के बाद सबसे पहली प्रतिक्रिया देते हुए जेएमएम की महुआ माजी ने यह बात कही। महुआ ने कहा कि कुछ नेताओं ने 1 जनवरी से पहले सीट शेयरिंग पर स्थिति साफ करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस दौरान प्रधानमंत्री का चेहरा कौन होगा, इसे लेकर भी चर्चा हुई। हालांकि, अभी कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि सभी दलों के नेताओं का कहना था कि प्रधानमंत्री उम्मीदवार को एलान चुनाव जीतने के बाद किया जाना चाहिए।

इंडिया गठबंधन की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, जेडीयू नेता और बिहार के सीएम नीतीश कुमार, ललन सिंह, टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी, आरजेडी से लालू यादव और तेजस्वी यादवएनसीपी प्रमुख शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) चीफ उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे शामिल हुए थे।

### पहले हमें जीतने की चिंता

जानकारी के मुताबिक विपक्षी गठबंधन की इस बैठक में संसद में विपक्षी सांसदों के निलंबन पर भी चर्चा हुई। बैठक खत्म होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब खरगे से पूछा गया कि क्या आप प्रधानमंत्री फेस होंगे? इसपर खरगे ने कहा, पहले हमें जीतकर आना होगा। पहले हम एक होकर जीतने की कोशिश करेंगे। इसके बाद पता चलेगा कि कौन प्रधानमंत्री पद का चेहरा होगा। हमारे सांसद आकर, क्या करेंगे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में, वह हो जाएगा। पहले हमें जीतने की चिंता है। उन्होंने यह बोला, हमने वह बोला। यह सब हमारी इंटरनल बात है।

### इन मुद्दों पर हुई चर्चा

- सकारात्मक एजेंडा तय करना
- सीटों का बंटवारा
- नए सिरे से रणनीति बनाना
- साझा जनसभाओं पर मंथन

### इन पर भी हुआ विमर्श

- जाति आधारित गणना
- न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी
- श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा

### 31 दिसंबर तक की डेडलाइन तय!

सूत्रों के अनुसार जो जानकारी मिल रही उसके अनुसार सीट बंटवारे की डेडलाइन तय कर दी गई है। 31 दिसंबर तक सीट बंटवारे पर जोर दिया गया। बिहार में महागठबंधन में शामिल आरजेडी नेता लालू प्रसाद यादव ने दावा किया, 'हम लोग मिलकर लड़ेंगे। भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी को सत्ता से बाहर करेंगे।'

## संक्षिप्त समाचार

### भूकंप के तेज झटके से दहली चीन की धरती

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

बीजिंग। चीन के गांसु प्रांत में सोमवार देर रात भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.2 मापी गई है। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) के अनुसार, सोमवार रात तकरीबन 12 बजे पश्चिमी चीन के गांसु प्रांत में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिपोर्ट के अनुसार, चीन के गांसु प्रांत में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 111 हो गई है। वहीं, 200 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं।

### नड्डा से मिलकर खिल उठा शिवराज का चेहरा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जल्द ही केंद्र की राजनीति में सक्रिय दिखेंगे। पहली बार शिवराज दिल्ली में आकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले। उन्होंने मीडिया से बातचीत में साफ कहा कि वह केंद्र और राज्य की राजनीति करते रहेंगे।

# विपक्ष का लक्ष्य हमारी सरकार को उखाड़ फेंकना

## पीएम मोदी ने साधा इंडिया गठबंधन पर निशाना

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को संसद में विपक्षी दलों के विरोध प्रदर्शन को लेकर उन पर निशाना साधा और कहा कि उनका यही आचरण रहा तो 2024 के लोकसभा चुनावों में उनकी संख्या और कम हो जाएगी जबकि भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को फायदा होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विपक्षी दल हालिया विधानसभा चुनावों में अपनी हार से हताश और निराश हैं और इसलिए संसद की कार्यवाही बाधित कर रहे हैं. उन्होंने बीजेपी सदस्यों से गरिमा बनाए रखने और लोकतांत्रिक आचरण करने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जो कुछ हुआ उसकी लोकतंत्र और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाले हर व्यक्ति को सामूहिक रूप से निंदा करनी चाहिए थी। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने संवाददाताओं को बताया कि बीजेपी संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए मोदी ने संसद की सुरक्षा में सेंध को उचित ठहराने के 'प्रयासों' पर भी चिंता व्यक्त की और कहा कि यह उतना ही चिंताजनक है जितना की सुरक्षा में सेंध का मुद्दा है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा में हुई चूक को बेरोजगारी और महंगाई से जोड़ा था।

संसद में कार्यवाही के दौरान तेरह दिसंबर की दोपहर दो व्यक्ति पीला धुआं छोड़ने वाले 'कैन' के साथ दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष के अंदर कूद गए. शून्यकाल के दौरान सदन में मौजूद सांसदों ने उन्हें पकड़ लिया। बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद के अनुसार, मोदी ने कहा, ''लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाली पार्टी खुले तौर पर या गुप्त रूप से इसे कैसे सही ठहरा सकती है।

### संसद सुरक्षा उल्लंघन की करनी चाहिए निंदा

पीएम मोदी ने कहा कि कुछ दल एक तरह से संसद में सुरक्षा उल्लंघन का समर्थन कर रहे हैं, यह संसद की सुरक्षा उल्लंघन जितना खतरनाक है। लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले सभी लोगों को संयुक्त रूप से संसद में सुरक्षा उल्लंघन की निंदा करनी चाहिए।

# संसद में दंगल और निलंबन जारी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। संसद के शीतकालीन सत्र के बीच विपक्षी सांसदों पर कार्रवाई का सिलसिला जारी है। लोकसभा से 49 और सांसदों को निलंबित कर दिया गया है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में विपक्षी सांसदों को निलंबित करने का प्रस्ताव रखा, जिसके बाद विपक्षी सांसदों को लोकसभा से निलंबित कर दिया गया। इनमें सांसद सुप्रिया सुले, मनीष तिवारी, शशि थरूर, मोहम्मद फैसल, कार्ति चिदंबरम, सुदीप बंद्योपाध्याय, डिंपल यादव, फारुख अब्दुल्ला, मनीष तिवारी और दानिश अली सहित अन्य विपक्षी सांसद शामिल हैं।

लोकसभा में केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सदन के अंदर तख्तियां नहीं लाने का निर्णय लिया गया। हाल के चुनाव हारने के बाद हताशा के कारण वे ऐसे कदम उठा रहे हैं। यही कारण है कि हम सांसदों को निलंबित करने का एक प्रस्ताव ला रहे हैं।

नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष फारुख अब्दुल्ला ने गृह मंत्री अमित शाह से सवाल पूछा। उन्होंने कहा कि पुलिस किसके हाथ में है? वह गृह मंत्रालय के अधीन है। क्या हो जाता अगर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह संसद में आकर 5 मिनट बयान दे देते और कह देते कि हम कार्रवाई कर रहे हैं।

### कार्रवाई

- 49 सांसद लोकसभा से और निलंबित

### 141 सांसदों पर हुई कार्रवाई

बता दें कि संसद सुरक्षा चूक की घटना को लेकर सोमवार को विपक्षी सांसदों ने संसद के दोनों सदनों में हंगामा किया था। जिसके बाद लोकसभा और राज्यसभा से 78 विपक्षी सदस्यों को निलंबित कर दिया गया। इससे पहले 14 सांसदों को निलंबित किया जा चुका है। हालांकि, आज 49 और सांसदों पर कार्रवाई हुई है। अब तक 141 विपक्षी सदस्यों को निलंबित किया जा चुका है।


*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development: All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding: 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation: A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.

Contact: **Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# कोविड का खतरा, उत्तराखंड भी सतर्क

संवाददाता

देहरादून। केरल में कोरोना का नया वैरिएंट जेएन.1 मिलने के बाद उत्तराखंड भी सतर्क हो गया है। संदिग्ध लक्षणों वाले व्यक्ति की जांच और निगरानी को लेकर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को एसओपी जारी कर एहतियात के तौर पर सभी अस्पतालों को अलर्ट किया हैं। सोमवार को केंद्र सरकार ने के राज्य अधिकारी डॉ. पंकज सिंह ने बताया कि केरल में कोरोना का नया वैरिएंट मिला है। इसे लेकर केंद्र सरकार ने दिशानिर्देश जारी किए हैं।

हालांकि प्रदेश में अभी तक कोरोना के नए वैरिएंट से संबंधित कोई मामला नहीं है। एहतियात के तौर पर जिलों को निगरानी और जांच के संबंध में पूर्व की भांति दिशानिर्देश दिए जाएंगे।

### केरल में वैरिएंट जेएन.1 मिलने के बाद जारी की एडवाइजरी

केरल में कोरोना का नया मामला सामने आने के बाद सभी राज्यों को जांच और निगरानी बढ़ाने के दिशानिर्देश जारी किए हैं।

केंद्र की गाइडलाइन पर प्रदेश सरकार भी सभी जिलों को कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए दिशानिर्देश जारी कर सकती है। वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम

## न्यूज डायरी



### ईरान ने सीमा पर तैनात की मिसाइलें और ड्रोन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। ईरान ने अपनी उत्तरपूर्वी सीमा पर मिसाइल, ड्रोन और तोप इकाइयों को तैनात किया है। ईरान की ग्राउंड फोर्स के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल कीमर्स हैदरी ने इसकी जानकारी देते हुए कहा है कि किसी भी संभावित खतरे का तेजी से और समय पर जवाब देने के लिए ये तैनाती की गई है। हैदरी ने कहा कि ईरान की सेना देश की स्वतंत्रता और अखंडता को कायम रखने के लिए प्रतिबद्ध है और वह पूरी मजबूती से सीमाओं पर डटी हुई है। साथ ही ईरान की ग्राउंड फोर्स उन बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक योजना डिजाइन और कार्यान्वित कर रही है, जहां उसे अधिक बलों की आवश्यकता है। ब्रिगेडियर हैदरी कहा कि ग्राउंड फोर्स खतरों का कड़ा और निर्णायक जवाब देने के उद्देश्य से सीमाओं पर मिसाइलों, ड्रोन और युद्धाभ्यास बलों के संदर्भ में योजना का मूल्यांकन कर रही है। सीमाओं पर नई तैनाती के बीच ईरान की वायु सेना के डिप्टी कमांडर का भी बयान आया है। जनरल महदी हादियान ने कहा कि बल के पास उच्च स्तर की रक्षात्मक क्षमताएं हैं और वह किसी भी पैमाने पर किसी भी संभावित खतरे का सामना करने के लिए तैयार है। उन्होंने ये भी कहा कि ईरान की शानदार सैन्य तैयारियों की वजह से देश के दुश्मनों के बीच निराशा पैदा हुई है। ईरानी की वायु सेना के डिप्टी कमांडर ने बिना नाम लिए अमेरिका और इजरायल पर निशाना साधा।

### भीख मांगने गए जनरल मुनीर को बाइडन का तोहफा, चेतावनी भी दी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के दौरे पर पहुंचे पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को अमेरिका की बाइडन सरकार ने तोहफा दिया है। अमेरिका सरकार ने कहा है कि वह क्षेत्रीय सुरक्षा और रक्षा सहयोग के लिए पाकिस्तान के साथ मिलकर काम करने को लेकर आशान्वित है। यही नहीं अमेरिका ने पाकिस्तान को एक बड़ा गैर नाटो सहयोगी देश करार दिया है। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि पाकिस्तान नाटो का पार्टनर देश भी है। उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और जनरल मुनीर के बीच मुलाकात पर यह बयान दिया है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख देश को कंगाली से निकालने में अमेरिका की मदद चाहते हैं, बाइडन ने भारत से दोस्ती और चीन से दूरी बनाने की नसीहत उन्हें दी है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख अमेरिका सरकार और सेना के बड़े अधिकारियों से मुलाकात की है। इसमें विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री और ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टॉफ भी शामिल हैं। इन मुलाकातों के दौरान द्विपक्षीय हितों, वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा के मुद्दों और गाजा से लेकर यूक्रेन युद्ध तक पर चर्चा हुई। अमेरिका ने पाकिस्तान के अंदर चल रहे राजनीतिक हालात पर कहा कि वह देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों का समर्थन करता है।

### युद्ध को रोकने के लिए पीएम मोदी के प्रयासों का हम करेंगे स्वागत: मैथ्यू मिलर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका ने कुछ दिन पहले एक भारतीय अधिकारी पर सिख अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नून की अमेरिकी धरती पर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया। अमेरिका के इस आरोप का भारत ने सम्मान किया और भारत सरकार ने हत्या की साजिश की जांच के लिए एक जांच समिति की घोषणा की। हाल ही में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी कहा कि सिर्फ कनाडा ही नहीं, किसी भी देश की कोई चिंता है और वह कुछ इनपुट या आधार देता है तो हमेशा उस पर विचार करने के लिए हम तैयार हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अमेरिका और भारत के बीच रिश्तों को लेकर कहा कि अमेरिकी विदेश सचिव एंटनी ब्लिंकन इस साल दो बार भारत की यात्रा कर चुके हैं। जो बाइडन भी इस साल भारत की यात्रा कर चुके हैं। भारत हमारा (अमेरिका) एक प्रमुख भागीदार है। हमारी कोशिश है कि नए साल में भी दोनों देशों के बीच भागीदारी बढ़ेगी। वहीं, पत्रकार द्वारा यह सवाल पूछा गया कि दुनिया में इस दो युद्ध चल रहे हैं। एक तरफ रूस और यूक्रेन के बीच जंग चल रही है। वहीं, इजरायल और हमास के बीच युद्ध जारी है। पीएम मोदी, अमेरिका, रूस और अरब देशों में काफी लोकप्रिय राजनेता हैं।

# पाकिस्तान में आतंकियों को घोंसले न बनाने दो

चेतावनी

## भारत के बाद ईरान ने भी मुनीर सेना को दी धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तेहरान। ईरान ने कड़े शब्दों में पाकिस्तान से आतंकी संगठनों पर काबू करने के लिए कहा है। ईरान के गृह मंत्री अहमद वाहिदी ने कहा है कि पाकिस्तान साझा सीमा की रक्षा करे और आतंकवादी समूहों को अपने क्षेत्र में ठिकाना बनाने से रोके। ईरान की ओर से ये टिप्पणी ईरानी प्रांत सिस्तान में पुलिस स्टेशन को निशाना बनाकर किए गए हमले के बाद आई है। जिसमें 12 पुलिसकर्मी मारे गए थे। वाहिदी ने कहा कि ये आतंकवादी पड़ोसी देश पाकिस्तान से ईरानी क्षेत्र में दाखिल हुए थे। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की ओर से ईरानी पुलिस स्टेशन पर हमले की कड़ी निंदा की गई है लेकिन ईरान इससे खुश नहीं है। उसने पाकिस्तान से इस ज्यादा ध्यान देने के लिए कहा है।

ईरान के गृहमंत्री अहमद वाहिदी ने सिस्तान–बलूचिस्तान में उस पुलिस स्टेशन और आसपास के इलाके का दौरा किया, जहां हमला हुआ था। जमीनी हालात का जायजा लेने के बाद वाहिदी ने पाकिस्तान पर गुस्सा निकाला। उन्होंने कहा, लगातार ऐसे मामले देखने को मिले हैं, जब हमारी जमीन पर हमला करने वाले पाकिस्तान के रास्ते पहुंचे। हम उम्मीद करते हैं कि हमारे पड़ोसियों का अपनी सीमाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए और सतर्कता बरतनी चाहिए। सिर्फ बॉर्डर ही नहीं पाकिस्तानी सरकार को पूरे देश में देखना चाहिए कि आतंकवादी समूह वहां ठिकाने स्थापित ना करें, ताकि भविष्य में इस तरह के हमलों को रोका जा सके।

ईरान में 15 दिसंबर के हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ गुस्सा देखने को मिल रहा है। ईरानी सुरक्षाबलों पर हाल के सालों में ये सबसे गंभीर हमला है। ईरानी गृहमंत्री के अलावा विदेश नीति समिति के सदस्य फिदाहुसैन मालिकी भी कह चुके हैं कि इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान की है। उन्होंने यहां तक कहा कि इस घटना के लिए हम पाकिस्तान को एक अपराधी की तरह देखते हैं क्योंकि पाकिस्तान की धरती पर ही इस तरह के सगंठन पनाह पा रहे हैं। पाकिस्तान को इस पर तुरंत रोक लगानी चाहिए।

ईरान का सख्त रुख पाकिस्तान के लिए मुश्किल बढ़ाने वाला हो सकता है। पाकिस्तान पहले ही अपने दूसरे पड़ोसियों के साथ खराब रिश्तों का सामना कर रहा है। बारत के साथ उसकी तनातनी जगजाहिर है तो हाल के दिनों में अफगानिस्तान की तालिबान सरकार से भी उसकी ठनी हुई है। टीटीपी पर कार्रवाई को लेकर पाकिस्तान की सरकार और अफगान तालिबान के रिश्ते तल्ख हुए हैं। अब ईरान ने भी उसे बेहद कड़ी चेतावनी दे दी है।



## हूती विद्रोहियों से मजबूती से निपटेगा अब अमेरिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। द हिल की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार पर हूती हमलों के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाने की घोषणा की। ऑपरेशन प्रॉस्पेरिटी गार्जियन में बहरीन, कनाडा, फ्रांस, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, सेशेल्स, स्पेन, यूके और यूएस की नौसेनाएं शामिल होंगी। टास्क फोर्स संयुक्त समुद्री बलों के अंतर्गत आती है, जो एक बहुराष्ट्रीय गठबंधन है जिसे दुनिया के शिपिंग लेन की रक्षा करने का काम सौंपा गया है।

अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि ऑपरेशन प्रॉस्पेरिटी गार्जियनश एक नई सुरक्षा पहल होगी जिसमें कई देश शामिल होंगे यूके, बहरीन, कनाडा, फ्रांस, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, सेशेल्स और स्पेन, द हिल ने बताया। हूतियस विद्रोही समूह ने कई व्यापारिक जहाजों पर हमला किया है और कंपनियों को क्षेत्र से होकर गुजरने वाले मार्गों को निलंबित करने के लिए मजबूर किया है।

वाणिज्यिक नौवहन की रक्षा के लिए अमेरिका और अन्य नौसैनिक बल पहले से ही लाल सागर क्षेत्र में काम कर रहे हैं, लेकिन नए टास्क फोर्स से सुरक्षा बढ़ाने की उम्मीद है। ऑपरेशन प्रॉस्पेरिटी गार्जियन कई देशों को एक साथ ला रहा है।



### नेतन्याहू बोले अमेरिका की भी है ये जंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यरुशलम। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन इजरायल पहुंचे हैं। उनकी प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री योएव गैलेंट से बात हुई है। ऑस्टिन ने आमजनों का बचाव करते हुए हमले करने का अनुरोध किया है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलीवान की बीते सप्ताह की इजरायल यात्रा के ठीक बाद अमेरिकी सरकार के शीर्ष पदस्थ व्यक्ति की यह दूसरी यात्रा है। बता दें कि हमास के खिलाफ युद्ध लड़ रहे इजरायल के साथ अमेरिका कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। रविवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संवाददाता सम्मेलन में शामिल हुए। बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा,हम बर्बरता के खिलाफ सभ्यता का युद्ध लड़ रहे हैं।

## आइसलैंड में ज्वालामुखी विस्फोट जमीन में 3.5 किमी तक आई दरार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ज्वालामुखी विस्फोट के बाद इमरजेंसी घोषित

आइसलैंड। आइसलैंड के रेक्जेन्स प्रायद्वीप में ज्वालामुखी विस्फोट के कारण इमरजेंसी की घोषणा की गई है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान कार्यालय ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण–पश्चिम आइसलैंड के रेक्जेन्स प्रायद्वीप में एक ज्वालामुखी विस्फोट हुआ है।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने आइसलैंड के मौसम विभाग के हवाले से बताया कि पिछले कई हफ्तों तक आइसलैंड में भूकंप की गतिविधियां दर्ज की गई थी, जिसके बाद ज्वालामुखी विस्फोट की यह घटना घटित हुई। यह विस्फोट ग्रिंडाविक से लगभग 4 किलोमीटर उत्तर–पूर्व में हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, यह विस्फोट सोमवार की रात लगभग 9 बजे आए भूकंप के झटके के बाद करीब 10:17 बजे हुआ।

मौसम विभाग के कार्यालय ने बताया कि ज्वालामुखी में दरार की लंबाई लगभग 3.5 किमी है, जिसमें लावा लगभग 100 से 200 क्यूबिक मीटर प्रति सेकंड की दर से बह रहा है। मौसम विभाग ने बताया कि रेक्जेन्स प्रायद्वीप में ज्वालामुखी में हुआ विस्फोट हुए पिछले विस्फोटों की तुलना में कई गुना अधिक है। फिलहाल विस्फोट के सटीक स्थान और आकार की पुष्टि करने के लिए एक हेलीकॉप्टर को इलाके में



भेजा गया है। आइसलैंड के राष्ट्रीय पुलिस आयुक्त ने बताया कि ज्वालामुखी विस्फोट के बाद इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। साथ ही नागरिकों के लिए चेतावनी जारी की गई है। अधिकारियों ने जनता से विस्फोट स्थल पर नहीं जाने को कहा है। साथ ही आपातकालीन कर्मचारी स्थिति का आकलन कर रहे हैं। इसके अलावा ग्रिंडाविक शहर की सभी सड़कें बंद कर दी गई हैं और यातायात भी प्रतिबंधित है, जिसमें राजमार्ग 41 शामिल है।

### दाऊद पर चुप रहने की बजाय अपना स्टैंड साफ करे पाक की संस्थाएं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम की मौत की अफवाह उड़ने के बाद भारत के साथ–साथ पाकिस्तान में भी उसकी खूब चर्चा है। पाकिस्तान की किसी भी एजेंसी ने दाऊद को लेकर कोई बयान नहीं दिया है लेकिन वहां के आम लोग इस पर खूब बात कर रहे हैं। आम पाकिस्तानियों ने अपनी सरकार और खुफिया एजेंसी आईएसआई पर जमकर गुस्सा निकाला है। पाकिस्तानियों का कहना है कि चुप रहने से काम नहीं चलेगा, दाऊद को लेकर स्थिति साफ करनी होगी। दाऊद पाकिस्तान में है या नहीं, ये हमारी सरकार को क्लियर करना चाहिए। दाऊद की मौत से जुड़ी खबरों पर पाकिस्तान के यूट्यूबर सुहैब चौधरी ने लोगों से बात की। चौधरी जब आम लोगों के बीच पहुंचे तो उन्होंने पाकिस्तान की सरकार को सुधर जाने की नसीहत लेने की सीख दी। अगर वो हमारे पास है तो हमें चाहिए कि हम उसे भारत को वापस करें।

**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**

# विभागों को शिकायतों पर त्वरित गति से निराकरण करने के निर्देश

**निर्देश**

## तहसील सभागार जखोली में तहसील दिवस का किया गया आयोजन

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। क्षेत्रीय जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी आशीष घिल्डियाल की अध्यक्षता में मंगलवार को तहसील सभागार जखोली में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस के अवसर पर स्थानीय जन प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों द्वारा सड़क, पेयजल, शिक्षा, मुआवजा, बंदरों एवं जंगली जानवरों आदि के संबंध में 22 शिकायतें दर्ज की गई जिनमें 10 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को त्वरित गति से निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

तहसील जखोली सभागार में उप जिलाधिकारी आशीष घिल्डियाल की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस के अवसर पर पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सुरेन्द्र प्रसार सकलानी ने मयाली बाजार में बंदरों के आंतक के संबंध में, ग्राम गोर्ती निवासी शांति लाल ने ग्राम सभा गोर्ती क अन्तर्गत कुरमगा से गोर्ती तक पेयजल योजना में गन्दा पानी आने के सम्बन्ध में, ग्राम कपणियॉ निवासी चन्द्रमोहन थपलियाल ने नाप शुदा खेत से तून का पेड़ काटने के सम्बन्ध में, ग्राम धरियांज निवासी उम्मेद सिंह रौथाण ने गुप्तकाशी मयाली मोटर मार्ग से धरियॉज तक सड़ध्क मार्ग के संबंध में, ग्राम पालाकुराली निवासी डॉ. गुलाब सिंह राणा ने राजकीय इण्टर कालेज गोर्ती में रिक्त पद भरे जाने, मोटर मार्ग निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त पैदल मार्ग पर भूधसाव से प्राचीन पैदल मार्ग क्षतिग्रस्त, शहीद पूर्ण सिंह राणा राउमावि पालाकुराली के भवन की आगे की दिवाल क्षतिग्रस्त के संबंध में, प्रधान ग्राम पंचायत ललूडी श्रीमती शीला भण्डारी ने ग्राम पंचायत ललूडी में ललूडी से जखोली मुख्यालय तक मुख्य पैदल मार्ग



को जिला योजना से करवाने तथा ग्राम पंचायत ललूडी के ठलधार नामी तोक में भारी बरसात से आम रास्ते का पुस्ता टूटने के संबंध में, प्रधान ग्राम पंचायत देवल शम्भू प्रसाद उनियाल ने राजकीय इण्टर कालेज रामाश्रम से महाविद्यालय जखोली तथा महाविद्यालय से खरियाल तक लिंक मोटर मार्ग बनवाने के संबंध में समस्याओं के निराकरण हेतु मांग की।

आयोजित तहसील दिवस के अवसर पर उपजिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि सरकार की मंशा है कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत व्यक्तियों की जो भी समस्याएं हैं उनका तत्परता से निराकरण करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी तरह से कोई लापरवाही एवं ढिलाई न बरती जाए। उन्होंने कहा कि आज आयोजित तहसील दिवस में जो भी शिकायतें क्षेत्रीय जनता एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा दर्ज कराई गई हैं उन पर सभी अधिकारी शीघ्र कार्यवाही करते हुए उनका निराकरण करना सुनिश्चित करें।

## न्यूज डायरी

### विभागीय अधिकारियों के साथ संगोष्ठी की गई आयोजित

**संवाददाता** चमोली। महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध एवं निवारण अधिनियम के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चमोली द्वारा मंगलवार को न्यायालय परिसर गोपेश्वर में विभागीय अधिकारियों के साथ संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें सिविल जजध्जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सिमरनजीत कौर ने विभागीय अधिकारियों को अधिनियम के प्रावधानों एवं कार्रवाई की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अधिनियम के तहत विभागों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाना आवश्यक है। वहीं शिकायत को 06 प्रतियों में लेकर जांच के बाद कार्रवाई की संस्तुति कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित करने का प्रावधान किया गया है।

### शिक्षक के पुत्र देवेश सेना में फ्लाइंग ऑफिसर बने

**संवाददाता** हल्द्वानी। कोटाबाग ब्लॉक के राइंका पवलगढ़ में तैनात अंग्रेजी प्रवक्ता सीएस बुधोड़ी के पुत्र देवेश बुधोड़ी वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर बन गए हैं। मूल रूप से अल्मोड़ा भिकियासैंण के ग्राम कुनझीना निवासी देवेश की प्रारंभिक शिक्षा गॉड ग्रेस एकेडमी भिकियासैंण से पूरी हुई। आगे की शिक्षा नवोदय विद्यालय ताड़ीखेत और सैनिक स्कूल घोड़ाखाल से हासिल की। देवेश की मां रेखा बुधोड़ी भी शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। वर्तमान में देवेश परिवार के साथ काशीपुर में रह रहे हैं। राजकीय शिक्षक संघ नैनीताल के जिलाध्यक्ष डॉ. विवेक पांडेय और जिला मंत्री नमिता पाठक ने बधाई दी है।

### नैनीताल पहुंची स्वर्णिम अमृत संदेश रथ यात्रा

**संवाददाता** नैनीताल। नैना देवी मंदिर में मंगलवार को हेमवती नन्दन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर, गढ़वाल और कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित नंदा सुनंदा रथ यात्रा पहुंची। यह यात्रा 18 दिसम्बर से शुरू की गई थी। इस मौके पर दोनों विश्वविद्यालय एक दूसरे को 50 – 50 पौधे उपहार स्वरूप दे रहे हैं। गढ़वाल विश्वविद्यालय से लाए गए 50 वृक्ष आज नैनीताल में लगाए गए और और यहां से 50 पौधे ले जाकर गढ़वाल विश्वविद्यालय में लगाए जाएंगे। इसके साथ ही हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय की उमंग संस्था जो कि नमामि गंगे के लिए कार्य कर रही है उन्होंने यात्रा के दौरान सरोवर में गंगा जल डाला ताकि सरोवर स्वच्छ रहे गंदा न हो और उन्होंने कहा कि पर्यटक आए और इस पानी को स्वच्छ बनाए रखने में अपना योगदान दें यही हमारी कामना है।

# विपक्षी दलों और जन संगठनों ने जनता की मांगों को लेकर उठाई आवाज

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। विभिन्न जन संघठनों की ओर से मंगलवार को दीनदयाल उपाध्याय पार्क में जनसभा आयोजित की गई। इस दौरान वक्ताओं ने मौजूद लोगों से अपने हक के लिए आवाज उठाने की अपील की। उन्होंने मजदूरों को उनका हक देने, लोगों को बेघर नहीं करने, नफरती अभियानों पर रोक लगाने, वन अधिकार और भू अधिकार को सुनिश्चित करने समेत अन्य मांगों को प्रमुखता से उठाया।

जनसंगठनों, विपक्षी दलों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने काकोरी कांड के शहीदों को याद किया। वक्ताओं ने कहा सरकार नफरत नहीं रोजगार दे। सरकार पर आरोप लगाया कि दिहाड़ी मजदूरों के लिए बनाई गई योजनाओं पर अमल नहीं हो रहा। सरकार द्वारा बस्तियों के नियमितिकरण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा कि वन अधिकार और भू कानून को लेकर कदम नहीं उठाया जा रहा। बड़े पूंजीपतियों के हित में नई सर्विस सेक्टर नीति लाने की बात कही, जिसके अंतर्गत राज्य की जमीन 99 साल तक लीज पर निजी कंपनियों को दी जाएगी और उनको सब्सिडी के रूप में करोड़ों रुपये दिए जाएंगे।

जनसभा में शामिल लोगों ने मजदूरों को भुगतान न देने पर कार्रवाई करने, हर मजदूर का पंजीकरण करने और उनको योजना के अंतर्गत सारे निर्धारित लाभ, जैसे छात्रवृत्ति, सहायता, पेंशन,औजार आदि उपलब्ध करववाने की मांग की।




### स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं की दी गयी जानकारी

**संवाददाता** चमोली। योजना से वंचित रह गए आमजनों को लाभान्वित करने के लिए सरकार द्वारा आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मंगलवार को जोशीमठ के देवग्राम व द्वींग तपोवन, कर्णप्रयाग के रतूड़ा, थराली के रूईसाण व बूंगा, पोखरी के सुनाउ तल्ला में कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा बैंकों सहित अन्य रेखीय विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी और वंचितों को योजना से जोडा। गैरसेंण के मरोडा तथा सेरेग्वाड में ब्लॉक प्रमुख शशि सौरियाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। आमजनमानस को योजनाओं की जानकारी देते हुए विभागीय योजनाओं का लाभ लेने की अपील की और ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ दिलायी।

# लोगों को उन्ही के क्षेत्र में सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ देना है मुख्य उद्देश्य

**बहुउद्देशीय शिविर में आम लोगों की समस्याएं सुनी**

**संवाददाता** चंपावत। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वन विश्राम गृह परिसर मंच में आयोजित तहसील दिवस/बहुउद्देशीय शिविर में आम लोगों की समस्याएं सुनी गई और समस्याओं का समाधान करने के साथ ही विभागों द्वारा चलाई जा रहीं लाभप्रद योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किया।'

मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह ने मंगलवार को विकासखण्ड चंपावत के मंच में आयोजित तहसील दिवस में प्रतिभाग कर क्षेत्रीय जनता की समस्याएं सुनी। 'तहसील दिवस में कुल 15 समस्याओं को सुना गया,' जिनमें क्षेत्र में सिंचाई टैंक, शिक्षा, एटीएम स्थापित करने, क्षतिग्रस्त दीवार की मरम्मत कराए जाने सहित अन्य समस्याएं प्राप्त हुई। इन सभी प्राप्त समस्याओं को सुनते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने समस्याओं को मौके पर ही विभागों के माध्यम से कार्यवाही करते हुए समाधान व निस्तारण करवाया गया। जिन समस्याओं का समाधान मौके पर संभव नहीं था उनका समाधान हेतु संबंधित विभाग को निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को उन्ही के क्षेत्र में सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ देना है। इसलिए जिस किसी की कोई भी समस्या चाहे कृषि से संबंधित हो, चाहे पशुपालन, पेयजल आदि से हो वो अपनी समस्या के समाधान के लिए शिविर का लाभ अवश्य उठाए। उन्होंने 18 वर्ष पूर्ण करने वाले बच्चों से अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने तथा 17–18 वर्ष के बच्चों से अपना नाम सूची में दर्ज कराने हेतु अपने बीएलओ से संपर्क कर कार्यवाही कराने को कहा। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति, युवा आधार कार्ड तथा आयुष्मान कार्ड बनने से वंचित न रहे इसलिए इस शिविर का पूरा लाभ ले। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने शिविर में उपस्थिति सभी को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार के वर्ष 2047 तक भारत को आत्म निर्भर और विकसित भारत बनाने के संकल्प को साकार करने हेतु शपथ दिलाई।

### सूर्य के अस्तित्व तक सनातन का झंडा रहेगा बुलंदः श्रीमहंत रविंद्र पुरी

**संवाददाता** हरिद्वार। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमंहत रविंद्र पुरी (महानिर्वाणी) ने कहा कि सूर्य से सनातन काध्‍ जन्म हुआ है, जब तक सूर्य में तेज है तब तक सनातन का झंडा बुलंद रहेगा। हरिद्वार के आनंद आश्रम में केदारनाथ मंदिर की तर्ज पर बने आन्नदेश्वर महादेव मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और मंदिर का लोकार्पण संतों ने फीता काटकर किया। ब्रह्मलीन महंत शंकारानंद महाराज की 16 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर संत समागम भी हुआ। श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने कहा कि जब तक सूर्य है तब तक सनातन रहेगा। इसे मिटाने वालों का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा लेकिन सनातन रहेगा। बाबा हठयोगी ने कहा कि सनातन धर्म को हमें संरक्षित रखना है। महामंडलेश्वर ललितानंद गिरी ने कहा कि भी विचार रखे। खानपुर से पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चौंपियन ने कहा कि संतो के चरण पड़ने से ही कोई भी जगह पवित्र हो जाती है।

*दुःख आता है तो अटक जाते हैं लोग, सुख आता है तो भटक जाते हैं लोग !–अज्ञात।*



# क्यों दी है पन्नू को छूट

**हालांकि भारत कह चुका है कि इस मामले की पूरी गहराई से जांच कराई जाएगी। ऐसी उच्चस्तरीय जांच शुरू हो भी चुकी है। यह मसला बेशक गंभीर है, लेकिन अमेरिका को यह भी सोचना होगा कि आखिर पन्नू जैसे लोगों को मनमानी करने की छूट वहां कैसे और क्यों मिली हुई है।**

अनुज सनवाल।।

खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक बार फिर विडियो जारी कर खुली धमकी दी है कि वह 13 दिसंबर को या उससे पहले भारतीय संसद पर हमला करेगा। ध्यान रहे, 13 दिसंबर ही वह तारीख है जब 22 साल पहले 2001 में संसद भवन को आतंकी हमले का निशाना बनाया गया था। पन्नू की यह धमकी ऐसे समय आई है, जब संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो चुका है। यह 22 दिसंबर को समाप्त होना है।

अमेरिका ने क्यों दी है पन्नू को छूट ऐसे में संसद की सुरक्षा व्यवस्था का पहलू तो अहम है ही जिस पर सुरक्षा एजेंसियां सभी जरूरी कदम उठा ही रही होंगी, लेकिन बड़ा सवाल यह भी है कि किसी देश की संसद पर हमले की खुलेआम धमकी देने वाला शख्स कैसे दो–दो देशों की नागरिकता धारण किए हुए वहां का सम्मानित नागरिक बना हुआ है। इसी पन्नू की हत्या की कथित साजिश का मसला अमेरिका बार–बार उठा रहा है। हालांकि भारत कह चुका है कि इस मामले की पूरी गहराई से जांच कराई जाएगी। ऐसी उच्चस्तरीय जांच शुरू हो भी चुकी है। यह मसला बेशक गंभीर है, लेकिन अमेरिका को यह भी सोचना होगा कि आखिर पन्नू जैसे लोगों को मनमानी करने की छूट वहां कैसे और क्यों मिली हुई है।



भारत विरोधी हरकतों का लंबा इतिहासरू यह कोई पहला मौका नहीं है जब पन्नू और उसके संगठन सिख फॉर जस्टिस ने भारत में आतंकवादी गतिविधियों की धमकी दी है। इनकी भारत विरोधी गतिविधियों का लंबा इतिहास है। इसी संगठन के बैनर तले कनाडा समेत कई देशों के बड़े शहरों में खालिस्तान पर कथित जनमत संग्रह कराया जाता रहा है। पिछले साल इन्हीं खालिस्तान समर्थक तत्वों ने एक परेड निकाली थी, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के दृश्य की झांकी को भी शामिल किया गया था। भारत के दूतावासों के सामने हिंसक प्रदर्शन और तोड़फोड़ की घटनाओं में भी इन तत्वों की शिरकत स्थापित हो चुकी है।

सवाल राष्ट्र की क्षेत्रीय अखंडता का है। ऐसे में चाहे कनाडा हो या अमेरिका या अन्य यूरोपीय देश, सबको इस बात पर गौर करने की जरूरत है कि इन मामलों को लेकर उनके रवैये में ऐसा ढीलापन आखिर क्यों दिख रहा है। अपने नागरिकों की विचार अभिव्यक्ति की आजादी हर लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अहम होती है, लेकिन इस बात का ध्यान रखना भी उतना ही जरूरी होता है कि अभिव्यक्ति की यह आजादी दूसरे देशों में आतंकवाद और अलगाववाद को बढ़ावा देने की हद तक न चली जाए। जो भी तत्व इस आजादी का बेजा इस्तेमाल कर रहे हों, उन पर समय रहते प्रभावी रोक लगा दी जाए तो बहुत सारी समस्याएं और अप्रिय विवाद पैदा ही न हों।

## मन ही मन

**अशोक वोहरा।** बाजार में एक आदमी ने फल बेचने वाले एक दुकानदार से पूछा केले और सेब क्या भाव हैं भाई ? केले 40 रु.दर्जन और सेब 120 रु. किलो हैं साहब दुकानदार ने कहा । आदमी बोला। कुछ ठीक ठाक भाव लगा दो भाई। ठीक उसी समय फटे पुराने कपड़े पहनी हुई एक गरीब सी दिखने वाली औरत दुकान में आई और बोली। मुझे एक किलो सेब और एक दर्जन केले चाहिये दृ क्या भाव है भैया ? दुकानदार ने कहा. केले 5 रु दर्जन और सेब 25 रु किलो। इससे एक पैसे भी कम नहीं लूँगा। औरत ने कहा। ठीक है, जल्दी से दो दर्जन केले और एक किलो सेब दे दीजिये। दुकान में पहले से मौजूद ग्राहक ने बेहद क्रोध भरी निगाहों से घूरकर दुकानदार को देखा और मन ही मन उसको गाली बकने लगा।

धर्म-दर्शन



# संपादकीय

## मोदी बनाम विपक्ष

मोदी की काम करने की शैली पूरी तरह व्यक्ति केंद्रित है और किसी भी नेता को अपनी भूमिका इसी के हिसाब से तय करनी पड़ती है। मसलन विपक्ष से टकराव को ही लें तो हम देख सकते हैं कि यह किस तरह बीजेपी बनाम विपक्ष के बदले मोदी बनाम विपक्ष हो गया है। पहले कभी ऐसा नहीं हुआ था। मोदी के पहले बीजेपी का चेहरा अटल बिहारी वाजपेयी थे। लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि अटल बनाम कांग्रेस हुआ हो। बाकी पार्टियों के साथ तो ऐसा होने का सवाल ही नहीं था क्योंकि बीजेपी उन दिनों अधिकतर गैर–कांग्रेस पार्टियों से हाथ मिला कर चल रही थी। मोदी बनाम अन्य हो जाने से पार्टी के भीतर नेताओं की अपनी अलग छवि का होना गैर–जरूरी हो गया। उन नेताओं की एक लंबी फेहरिस्त है जो अटल को नेता मानते थे, लेकिन उनकी अपनी अलग छवि थी और वे अपनी अलग सोच के लिए भी जाने जाते थे। ऐसे दो बड़े नेताओं के नाम एक झटके में लिए जा सकते हैं। लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी। आडवाणी की छवि वाजपेयी से एकदम अलग थी। वह हिंदुत्व के मामले में ज्यादा कट्टर माने जाते थे। जोशी उनसे भी ज्यादा कट्टर। आडवाणी ने सोमनाथ से रथयात्रा निकाली और राममंदिर आंदोलन को आक्रामक रूप दे दिया। यह बीजेपी तथा आरएसएस ही नहीं भारत के इतिहास में भी एक निर्णायक मोड़ साबित हुआ। निश्चित तौर पर यह इसलिए संभव हुआ कि आडवाणी की एक स्वायत्त छवि थी और वे उसके अनुरूप काम कर सकते थे। लेकिन आज के समय में मोदी के अलावा किसी में यह ताकत नहीं है कि वह अलग से किसी आंदोलन का नेतृत्व कर सके।

चुनावों की चर्चा में इस पर ध्यान देने की कोई जरूरत नहीं समझी गई प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल देश में सत्ता चलाने के तरीके बदल दिए हैं, बल्कि पार्टी चलाने की पद्धति भी बदल दी है।

# बदला परिदृश्य

अनिल सिन्हा।।

पांच विधानसभाओं के चुनाव पर चर्चा बहुत हद तक एकांगीपन की शिकार रही है। यह ले–दे कर इसी के इर्द–गिर्द घूमती रही कि कौन जीतेगा और कौन हारेगा। सचाई यह है कि साल 2024 के ठीक पहले के ये चुनाव देश की राजनीति के उन बदलावों को दिखा रहे हैं जो पिछले कई सालों में ठोस शक्ल ले चुके हैं। निश्चित तौर पर इन बदलावों के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी राजनीति हैं। चुनावों की चर्चा में इस पर ध्यान देने की कोई जरूरत नहीं समझी गई प्रधानमंत्री मोदी ने न केवल देश में सत्ता चलाने के तरीके बदल दिए हैं, बल्कि पार्टी चलाने की पद्धति भी बदल दी है। अब भारतीय जनता पार्टी पहले जैसी पार्टी नहीं रही है। पार्टी में फैसले लेने के तरीके से लेकर वैचारिक रुख को परिभाषित करने के तरीके तक में बड़ा बदलाव आया है।

संभवतः जल्दी–जल्दी में तैयार माल को बाजार में खपाने की मजबूरी के कारण मीडिया पाठकों और दर्शकों को आसानी से खींचने वाली कहानियों में उलझा है और इन बदलावों की ओर ध्यान नहीं दे पा रहा।

साल 2014 में सत्ता बदलने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने जो शैली अपनाई उसने पार्टी के भीतर और बाहर बड़े बदलाव ला दिए हैं। पार्टी के



बाहर के बदलावों का मतलब विपक्ष खासकर कांग्रेस में हुए बदलावों से है। मोदी के सत्ता में आने के बाद से व्यवहार में बदलाव की यह गति तेज हो गई। इसकी सीधी वजह यह है कि मोदी के शासन काल में संस्थागत बदलाव बहुत तेज रहे हैं और हमले भी। पहले की तरह विपक्ष के साथ नरमी से पेश आने का तरीका अस्तित्व में नहीं रहा। मोदी ने कांग्रेस पर हमले का जैसा तरीका अपनाया है, वैसा हमला विपक्ष पर करने का कोई उदाहरण देश के संसदीय इतिहास में नहीं मिलता। यह सिर्फ भाषा में ही नहीं, राजनीतिक व्यवहार में भी दिखाई देता है। विपक्ष को दूर रखने में मोदी ने कभी कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने किसी बड़े फैसले में विपक्ष को भागीदार बनाने की कभी कोशिश नहीं की। इसका ताजा उदाहरण नारी शक्ति वंदन कानून है। इसी का एक नतीजा यह है कि विपक्षी पार्टियों की आक्रामकता भी बढ़ गई। कांग्रेस तथा अन्य पार्टियां बीजेपी के खिलाफ आज जितनी हमलावर कभी नहीं रहीं। क्या मोदी की राजनीतिक शैली का असर सिर्फ विपक्ष पर पड़ा है? पार्टी के रूप में बीजेपी के व्यवहार तथा उसके अंदरूनी कामकाज या समीकरणों पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है? ऐसा नहीं हो सकता कि नेतृत्व के स्तर पर इतने बड़े बदलावों से पार्टी अछूती रहे। अगर हम गहराई में जाएं तो पता चलेगा कि बीजेपी भी एक बड़े बदलाव से गुजर रही है और इसका असर उसके अंदरूनी समीकरणों पर भी पड़ रहा है। इसका सबसे साफ दिखाई देने वाला असर यह है कि बीजेपी में नेताओं की स्वायत्त छवि समाप्त हो रही है। मोदी बीजेपी के आकाश में सूर्य की तरह हैं जिसके चारों ओर बाकी नेता परिक्रमा करते दिखाई देते हैं।

इन चुनावों में राज्यों के नेताओं खासकर मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान तथा राजस्थान में वसुंधरा राजे के साथ केंद्रीय नेतृत्व के टकराव को इसी संदर्भ में देखा जा सकता है। केंद्रीय नेतृत्व ने उनकी स्वायत्त छवि को नकार दिया है। भले ही, बीजेपी मोदी पर पूरी तरह आश्रित हो गई हो, उसमें व्यक्तियों और विचारों के टकराव को नकारना प्रकृति के नियमों को नकारना है।

### सूडोकू नवताल- 5346

*****

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू नवताल -5345 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

अपना ब्लॉग

## बॉर्डर पर खाना–पानी को तरसे

**मोहन।** पेशावर सिटी छोड़कर अफगानिस्तान लौट रही शाइस्ता कहती हैं, हम जल्दबाजी में निकले। आधी रात को सामान पैक किया और निकल पड़े। इस अपमानजनक बर्ताव के साथ निर्वासन का सामना करने से बेहतर है कि हम अपनी सहमति से पाकिस्तान छोड़ दें। लेकिन पाकिस्तानी हिस्से में दो दिनों तक इंतजार करने और अफगानिस्तान में रजिस्टर होने के लिए तीन दिनों के इंतजार करने के बाद अब हम खाना–पानी को तरस रहे हैं। सीमा के दूसरी ओर तालिबान के अधिकारी अचानक लौटने वाले अफगानी नागरिकों की पहचान और उनकी संख्या दर्ज करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र से जुड़ी राहत एजेंसियों ने पाकिस्तान से आने वालों के लिए सेवाएं शुरू की हैं, लेकिन भीड़ को देखते हुए इंतजाम कम पड़ रहे हैं। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तोरखम क्रॉसिंग पर इमरजेंसी जैसे हालात हैं।





## 100 करोड़ पार पहुंची विक्की कौशल की फिल्म

विक्की कौशल की सैम बहादुर ने कमाल कर दिया है। मेघना गुलजार की यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर श्एनिमलश से जी–जान से लड़ती रही। कई बार दम तोड़ती भी दिखी, पर हिम्मत नहीं टूटने दी। इसी का नतीजा है कि 17 दिन में यह फिल्म 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई। यही नहीं, इसने प्ब्ड्ड पर भी संदीप रेड्डी वांगा की श्एनिमलश को करारी मात दे दी है। विक्की कौशल और मेघना गुलजार की खुशी का ठिकाना नहीं है। विक्की कौशल ने फैंस और दर्शकों का आभार जताया है। वहीं विक्की कौशल के पिता शाम कौशल ने भी रिएक्ट किया और कहा कि उन्हें बेटे पर गर्व है। मात्र 55 करोड़ के बजट में बनी सैम बहादुर को 1800 से 2 हजार स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया था। एक दिसंबर को रिलीज हुई इस फिल्म को पहले ही दिन से श्एनिमलश से तगड़ी टक्कर मिल रही थी। इसके बावजूद सैम बहादुर डिगी नहीं और अब वर्ल्डवाइड 105 करोड़ कमा लिए हैं। इससे खुश होकर विक्की कौशल ने इंस्टाग्राम पर सबका आभार जताया। एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट फैंस और दर्शकों का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा, श्सैम बहादुरश बॉक्स ऑफिस पर गर्व के साथ मार्च करते हुए जीत के साथ आगे बढ़ रही है। हम आप सभी के आभारी हैं।

## एक ही हफ्ते में तीसरी बार सस्पेंड हुआ उर्फी जावेद का इंस्टा अकाउंट

उर्फी जावेद हमेशा अपने फैशन और ओपिनियन के लिए चर्चा का विषय रही हैं। बिग बॉस ओटीटी फेम उर्फी एक बड़ी सोशल मीडिया सेंसेशन भी हैं। उन्होंने हाल ही में शेयर किया कि उनका इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड कर दिया गया है क्योंकि यह सही गाइडलाइन्स फॉलो नहीं कर रहा था। हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब उनका अकाउंड सस्पेंड किया गया है। इससे पहले दो बार ऐसा हो चुका है। उर्फी ने अब इस मुद्दे को फिर से इंस्टा पर उठाया है और एक नोट भी लिखा है कि वह इस बात से काफी परेशान हैं। स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए, उर्फी ने लिखा, मेरा 2023 कैसा जा रहा है, मेरे अकाउंट में बड़ी गड़बड़ियां हो रही हैं, ये एक हफ्ते में तीन बार सस्पेंड हो गया, मेरे अकाउंट की स्थिति ऐसी हो गई है, हर दिन मुझे एक नोटिफिकेशन मिलता है कि मेरी पोस्ट में गाइडलाइन का उल्लंघन किया गया है और फिर इसे दोबारा पोस्ट करें। हर बार जब मैं कुछ पोस्ट करती हूं तो फॉलोअर्स की संख्या काफी कम हो जाती है, फिर बढ़ती है और फिर कम हो जाती है। यह एक रोलर कोस्टर की तरह हो गया है।

## इतिहास लिखने लौटे प्रभास का खूंखार अवतार उड़ा देगा होश



मेकर्स ने सालार का नया ट्रेलर रिलीज किया है, जो और भी धांसू है। खानसार साम्राज्य की झलक पहले ट्रेलर में भी दिखाई गई थी, लेकिन इस बार इस साम्राज्य के लिए आपस में लड़ते दोस्त और कत्ल–ए–आम दिखाया गया है। सालार बने प्रभास खानसार को मिट्टी में मिलाने का बीड़ा उठाकर ध् ामाकेदार एंट्री करते हैं। 2 मिनट 53 सेकेंड लंबा ट्रेलर काफी रोमांचक है। इस बार इसमें श्रुति हासन की भी झलक है।"संत के ट्रेलर की शुरुआत में एक आवाज सुनाई देती है, जिसमें उस शख्स के बारे में बताया जाता है, जो मुश्किल पड़ने पर अपने सुल्तान को बचाने हाजिर हो जाता है। वह शख्स कोई और नहीं, बल्कि सालार है। सालार का किरदार प्रभास निभा रहे हैं और इस फिल्म में वह इस बार खून से खानसार का इतिहास दोबारा लिखने लौटे हैं। बचपन में मैं तुम्हें एक कहानी सुनाता था। पर्शियन साम्राज्य के सुल्तान को चाहे कितनी भी मुश्किल क्यों न आए, वो अपनी खूंखार सेना को बिना बताए सिर्फ एक को कहता था। सुल्तान जो भी चाहे, वो उसे लाकर देता था, और जो ना चाहे, उसे मिटा देता था। इस डायलॉग में भी सालार के व्यक्तित्व की झलक छुपी है। ट्रेलर में एक्शन और थ्रिल का जबरदस्त डोज देखने को मिला है। फैंस सालार के नए ट्रेलर को देख क्रेजी हो गए हैं और तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

# विन डीजल ने दिया था भगवत गीता और श्री कृष्ण का संदेश

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*सोशल मीडिया पर इस वक्त हॉलीवुड स्टार विन डीजल की एक पुरानी फिल्म का वीडियो क्लिप वायरल हो रहा है, जिसमें वह भगवत गीता का एक अध्याय पढ़ते नजर आ रहे हैं। वह फिल्म में एक अन्य किरदार को बता रहे हैं कि भगवान कृष्ण ने अर्जुन को महाभारत के युद्ध के दौरान क्या सलाह दी थी। इस वायरल वीडियो क्लिप को देख यूजर्स रिएक्ट कर रहे हैं। यह वीडियो जिस फिल्म का है, उसका नाम Billy Lynn's Long Halftime Walk है और यह 2016 में रिलीज हुई थी। एंग ली के निर्देशन में बनी यह फिल्म इसी नाम की 2012 में आई नॉवेल पर आधारित थी। फिल्म में विन डीजल के अलावा क्रिस्टन स्टीवर्ट, स्टीव मार्टिन, जो एल्विन और क्रिस टकर समेत कई और सितारे थे।*

**भगवत गीता का संदेश देते दिखे विन डीजल**

वायरल वीडियो में विन डीजल, जो एल्विन को सुझाव दे रहे हैं। जो एल्विन ने फिल्म में 19 साल के यूएस आर्मी स्पेशलिस्ट बिली लिन का किरदार निभाया था। विन डीजल का किरदार बिली लिन को समझाता है, श्व्यक्ति को हमेशा हर कर्म वैराग्य के साथ करना चाहिए। और जो भी कर्म करो, वो सब मुझे समर्पित कर दो।श वह बिली लिन को आगे बताते हैं कि भगवान कृष्ण ने योद्धा अर्जुन को महाभारत के युद्ध से एक रात पहले यही सलाह दी थी। अर्जुन इस युद्ध को लेकर बहुत



झिझक रहे थे।

**बताया भगवान विष्णु का किरदार**

वीडियो में दिखाया गया है कि जब बिली लिन यानी जो एल्विन, विन डीजल से भगवान कृष्ण के बारे में पूछते हैं तो वह उन्हें विष्णु का अवतार बताते हैं। फिल्म में दिखाया गया है कि बिली लिन ब्रावो स्क्वॉड का सदस्य होता है। उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर इराक में एक भीषण लड़ाई लड़ी थी, जिसके बाद वह हीरो बन गया था। लेकिन लड़ाई के बाद उसे और अन्य साथियों को विक्ट्री टूर के लिए अस्थायी रूप से घर लौटना पड़ता है। फिल्म में कई भयानक और डरावनी घटनाएं भी दिखाई गईं, जिनके सच को सामने लाने के लिए फ्लैशबैक सीन्स भी दिखाए गए।

# फोटो लेने आए पपाराजी पर भड़के शाहिद कपूर

*मुंबई के धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल में हाल ही में एनुअल फंक्शन था, जिसमें बॉलीवुड की तमाम हस्तियों के बच्चों ने भाग लिया। शाहिद कपूर और मीरा राजपूत भी अपने बच्चों को चीयर करने के लिए पहुंचे, लेकिन इस बीच शाहिद बच्चों की फोटो लेने की वजह से नाराज हो गए।*



मुंबई के धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल के एनुअल फंक्शन में तमाम बॉलीवुड हस्तियां अपने बच्चों का सपोर्ट करती नजर आईं। शाहिद कपूर और मीरा राजपूत भी अपने दोनों बच्चों को चीयर करने के लिए फंक्शन में पहुंचे। दोनों प्राउड माता–पिता की तरह अपने बच्चों मीशा और जैन के साथ इवेंट से बाहर आए। हालांकि, शाहिद कपूर नहीं चाहते थे कि कोई उनके बच्चों की फोटोज खींचे और इसी के चलते वो पपाराजी पर अपना आपा खो बैठे। इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल रहा है।

**बच्चों के साथ मत किया करो**

वीडियो में, कबीर सिंह एक्टर को यह कहते हुए सुना जा सकता है, बच्चों के साथ मत किया करो। करोड़ों फोटोज तो ले चुके हो।श इस बीच उनकी पत्नी मीरा मुंह लटकाए पीछे खड़ी दिखीं। स्कूल में आयोजित एनुअल फंक्शन में कई स्टार किड्स मौजूद थे। अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन की बेटी आराध्या से लेकर करण जौहर के जुड़वां बच्चे यश और रूही तक, शाहरुख खान और गौरी खान के सबसे छोटे बेटे अबराम से लेकर करीना कपूर खान और सैफ अली खान के बेटे तैमूर तक, सभी ने जबरदस्त परफॉर्मेंस दिए।

**सेलेब किड्स की परफह्र्मेंस**

एक वीडियो में करीना अपने और सैफ अली खान के बेटे तैमूर अली खान को स्टेज पर परफॉर्म करते हुए चीयर करती नजर आईं। अबराम ने अपनी परफॉर्मेंस के दौरान शाहरुख के बाहें फैलाने वाले सिग्नेचर पोज की नकल करके सुर्खियां बटोरीं।

**शाहिद कपूर की अगली फिल्म**

वर्कफ्रंट की बात करें, तो शाहिद कपूर, कृति सेनन के साथ अपने आने वाले प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 9 फरवरी, 2024 को रिलीज होने वाली है। इसका टाइटल अब तक तय नहीं किया गया है।

# लंबे समय तक स्क्रीन पर काम करने से हो सकती हैं ये बड़ी बीमारियां



**आई स्ट्रेन**
आई स्ट्रेन, जिसे कभी–कभी आई डी कम्फट सिंड्रोम भी कहा जाता है एक आम आँखों की समस्या है जो लंबे समय तक कंप्यूटर या डिजिटल स्क्रीन का उपयोग करने वाले लोगों में देखी जाती है। आई स्ट्रेन के कारण आंखों में खुजली ब्लर दृष्टि या सूजन हो सकती है।

*पहले के समय के लोगों में आंखों पर स्क्रीन का असर बुर्जुगावस्था में होता था, लेकिन अब लोगों को युवावस्था में ही हो रहा है। इसकी वजह है कि अब के समय में बच्चों से लेकर बड़ों तक का अधिक से अधिक समय स्क्रीन पर ही बीतता है। इसी कारण अब कम उम्र में लोगों में समस्या देखने को मिलने लगी है।*

आंखों पर स्क्रीन के असर से होने वाली बीमारियां
लंबे समय तक आंखों पर स्क्रीन का प्रभाव पड़ने से आंखों में इस तरह की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है, जो इस प्रकार हैः

**एआरएमडीः** एआरएमडी, या एज रिलेटेड मैकुलर डिजनरेशन आँखों संबंधित बीमारी है जो आंखों की मैकुला में होती है। यह बीमारी अक्सर बूढ़े वयस्कों में होती है और इससे आंखों की दृष्टि में कमी हो सकती है। 60 साल की उम्र के लोगों में यह बीमारी देखने को मिलती है। इसके कारण आंखों की रोशनी तक जा सकती है। यह बीमारी दो प्रकार की होती है – सूखी और गीली एआरएमडी। ऐसा तभी होता है, जब आंखों के रेटिना में मौजूद मुकुल नीचे की ओर खिसक जाता है।

**कंप्यूटर विजन सिंड्रोम**
कंप्यूटर विजन सिंड्रोम एक बीमारी है जो विभिन्न कंप्यूटर उपयोगकर्ताओं को प्रभावित करती है, जिन्होंने लंबे समय तक कंप्यूटर स्क्रीन के सामने बिताया है। कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक स्क्रीन का अधिक उपयोग करने वालों में होने वाली एक आम समस्या है। इसके कारण आई स्ट्रेन और डिसकंफर्ट होता है। इसके लक्षणों में आंखों में सूजन, दर्द, खुजली, डबल विजन, ब्लर दृष्टि, और सिरदर्द शामिल हो सकते हैं। कंप्यूटर की ब्राइटनेस, कंट्रास्ट आदि को अच्छे से एडजस्ट कर बीमारी से बचाव किया जा सकता है।

**आंखों का सूखापन**
आंखों पर स्क्रीन का बहुत ज्यादा असर होने के कारण प्रभावित व्यक्ति पलकें नहीं झपका पाते हैं। वहीं ब्लिंक रेट कम होने से आंखों को आंसू नहीं बनता है और सूखापन होने लगता है। बचाव के लिए लंबे समय तक कंप्यूटर का उपयोग करने के बाद आंखों को थोड़ा आराम देना चाहिए। यह समस्या होने पर एक बार डॉक्टर से भी जरूर मिलें।

# शरीर के लिए जहर से कम नहीं रसोई में रखी ये चीजें




*क्या आप जानते हैं कि आपकी किचन में कुछ ऐसे फूड प्रोडक्ट्स मौजूद हैं, जिनका जाने–अनजाने सेवन कर आप अपनी सेहत को नुकसान पहुंचा रहे हैं। हम सभी जानते हैं कि प्रोसेस्ड फूड हमारे लिए कितने हानिकारक होते हैं। बावजूद इसके हम इनका सेवन करते हैं। इस लेख में हम कुछ ऐसे ही अल्ट्रा–प्रोसेस्ड फूड आइटम्स के बारे में बताएंगे। अगर आपकी किचन में ये फूड आइटम्स हैं, तो आज ही इन्हें बाहर कर दें।*

**प्रोसेस्ड फूड का सेवन हानिकारक क्यों होता है?**
एक्सपर्ट्स के अनुसार, प्रोसेस्ड फूड्स में पोषक तत्वों की कमी होती है। इनमें शुगर, फैट, सोडियम, सॉल्ट और एडिटिव्स शामिल होते हैं। प्रोसेस्ड फूड खाने में टेस्टी लगते हैं लेकिन ये वजन बढ़ाने में योगदान देते हैं। यही नहीं इनका सेवन करने से डायबिटीज, मेटाबॉलिक सिंड्रोम, हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट रिलेटेड डिजीज होने का जोखिम बढ़ाता है। एक नजर डालते हैं कुछ कॉमन प्रोसेस्ड फूड्स पर जो आमतौर पर सभी की किचन में पाए जाते हैं।

**फ्रूट जैम**
कुछ लोगों को ब्रेकफास्ट में ब्रेड जैम खाना बहुत पसंद होता है। कुछ अपने बच्चों को लंच बॉक्स में पैक करके देते हैं। कुछ लोग



हेल्दी ब्रेकफास्ट ऑप्शन समझ कर इसका सेवन करते हैं। आपको बता दें, इसमें शुगर कंटेंट बहुत अधिक होता है। लगभग एक चम्मच जैम में 12 ग्राम शुगर होती है।

**टोमेटो सहस**
टोमेटो सॉस की बोतल अमूमन सभी घरों में मिल जाएगी। आज ही इसे घर से बाहर कर दें। इनमें भी शुगर और सोडियम उच्च मात्रा में शामिल होता है, जो स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है। इसकी बजाय घर में खजूर, इमली या पुदीने की चटनी बनाकर सेवन करें। चाहें तो टमाटर की चटनी भी घर पर तैयार कर सकते हैं।

**फ्रूट जूस**
जिस फ्रूट जूस को आप हेल्दी समझ कर पी रहे हैं, असल में ये आपके स्वास्थ्य के लिए अनहेल्दी है। बेहतर होगा इसकी बजाय फ्रेश जूस या नारियल पानी का सेवन करें।

**सीरियल्स और ग्रेनोला**
मसाला ओट्स, कॉर्न फ्लैक्स, ग्रेनोला आदि, ये सभी भले ही बहुत जल्दी तैयार होने वाले ब्रेकफास्ट ऑप्शन्स हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं जिन्हें आप हेल्दी समझकर डायट में शामिल कर रहे हैं, असल में ये आपको नुकसान पहुंचा रहे हैं। प्री पैक्ड ओट्स की जगह बेहतर होगा कुछ समय एक्स्ट्रा लगाकर रोल्ड ओट्स तैयार कर लें।






## डायबिटीज मरीजों की लाल दवा है चुकंदर, हद में रहेगा लड शुगर

सर्दियों के मौसम में कई सब्जियां मिलती हैं जिनमें एक चुकंदर है, जिसे बढ़िया रंग और स्वाद सहित विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सिडेंट जैसे गुणों की वजह से पहचाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि चुकंदर की सब्जी डायबिटीज के मरीजों के लिए वरदान है क्योंकि इसमें ब्लड शुगर को कंट्रोल करने के सभी गुण होते हैं। चुकंदर में नाइट्रेट होते हैं जो नाइट्रिक ऑक्साइड में बदल जाते हैं, जो रक्त वाहिका के विस्तार में मदद करते हैं और प्रेशर को कंट्रोल करते हैं, जो डायबिटीज वाले लोगों के लिए जरूरी है। अच्छी बात यह है चुकंदर का ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है और इसी वजह से यह ब्लड शुगर को मैनेज करना का काम करता है। न्यूट्रिशनिस्ट प्रियांशी भटनागर के अनुसार, चुकंदर में मौजूद फाइबर ग्लाइसेमिक को कंट्रोल करते हैं और पाचन स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं। यह मैंगनीज का एक अच्छा स्रोत है, जो इंसुलिन के उत्पादन में शामिल है और ब्लड शुगर लेवल को मैनेज करने में मदद करता है। अध्ययनों से पता चलता है कि चुकंदर में मौजूद बायोएक्टिव यौगिक, जैसे बीटालेन्स और फेनोलिक यौगिक में एंटी इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं। ये गुण ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और सूजन को कम करने में सहायता कर सकते हैं, जो अक्सर शुगर के मरीजों में बढ़ जाते हैं। चुकंदर का सेवन करने से डायबिटीज से पीड़ित लोग आंखों को होने वाले डैमेज को कम कर सकते हैं।

## दूध–पनीर जितना कैल्शियम लिए बैठे ये फल, 206 हड्डियों में भरेंगे जान

कैल्शियम एक ऐसा मिनरल है जो हड्डियों को स्वस्थ और मजबूत बनाए रखने में मदद करता है। यह नर्व और मसल्स के कामकाज को बनाने के लिए जरूरी है। स्वस्थ रहने के लिए प्रति दिन लगभग 1,000 मिलीग्राम कैल्शियम की जरूरत होती है। इतना कैल्शियम नहीं मिलने से हड्डियों में कमजोरी, मसल्स क्रैम्प, उंगलियों और जोड़ों में दर्द, हड्डियों का जल्दी फ्रैक्चर होना और दांत–मसूड़ों का कमजोर होना आदि जैसे लक्षण और साइड इफेक्ट्स महसूस हो सकते हैं। डेयरी उत्पादों और अंडों में कैल्शियम होता है, लेकिन जो लोग शाकाहारी हैं, उन्हें कैल्शियम की कमी पूरी करने में थोड़ी परेशानी हो सकती है। हालांकि सोयाबीन, पालक, केल, ब्रोकोली और शलजम जैसी कुछ सब्जियां हैं, जो कैल्शियम का बढ़िया स्रोत हैं लेकिन कुछ फल भी हैं जिनमें भारी मात्रा में कैल्शियम भरा होता है। संतरा उन सबसे अच्छे फलों में से एक जो कैल्शियम से भरपूर होता है।

## मम्मी से कह दें– डिनर में ना बनाएं ये चीज, आज के दौर में नहीं हैं हेल्दी



रात का खाना सुबह और दोपहर के खाने से बिल्कुल अलग होना चाहिए। आज से 50 साल पहले जो रात में खाया जाता था, आज भी हम उसी को खा रहे हैं। शायद उससे भी ज्यादा खतरनाक चीजें हमारे डिनर का हिस्सा बन गई हैं। हम भूल जाते हैं कि आज के लोगों का फिटनेस और हेल्थ लेवल पुराने लोगों से काफी कमजोर हो गया है। इसलिए रात के खाने में आपको 5 फूड्स नहीं खाने चाहिए, इनसे आपके शरीर को भयंकर नुकसान पहुंच सकता है। आयुर्वेदिक डॉक्टर रेखा राधामोनी ने बताया ये सारे अनहेल्दी फूड्स धीरे–धीरे वेट गेन, मोटापा, डायबिटीज, गट प्रॉब्लम्स, हॉर्मोन इंबैलेंस जैसी बीमारियां कर सकते हैं। आयुर्वेदिक डॉक्टर के अनुसार गेहूं डायजेस्टिव सिस्टम के लिए भारी होता है। इसे पचाने में काफी वक्त लगता है और अमा बन सकती है। ध्यान रखें कि आयुर्वेद की दृष्टि में टॉक्सिन को अमा कहा जाता है। जो शरीर में जहर की तरह काम करते हैं। रात में दही खाने से कफ और पित्त बढ़ सकता है। सर्दी–जुकाम, खांसी की परेशानी में इसका सेवन बिल्कुल नहीं करना चाहिए। अगर आप ऐसा कुछ खाना चाहते हैं तो जीरा, काली मिर्च जैसे गर्म मसाले डालकर सेवन कर सकते हैं। ध्यान रखें कि गलत टाइम पर हेल्दी फूड्स भी नुकसान कर सकते हैं। मैदा भी विषाक्त पदार्थ बनाने का काम करता है साथ ही इसका पाचन बहुत ज्यादा भारी होता है। इसकी वजह से मोटापा, शुगर जैसी बीमारी हो सकती हैं।



कमिंस को बनाया सबसे महंगा प्लेयर

ऑस्ट्रेलिया के वर्ल्ड चौंपियन कप्तान पैट कमिंस को सनराइजर्स हैदराबाद ने रिकॉर्ड 20 करोड़ 50 लाख रुपये की कीमत देकर खरीदा। कमिंस आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे प्लेयर बन गए। आरसीबी और हैदराबाद के बीच कमिंस को अपने साथ जोड़ने की होड़ मची हुई थी। पेस बॉलिंग ऑलराउंडर कमिंस पिछला आईपीएल नहीं खेले थे। 30 वर्षीय यह प्लेयर इससे पहले कोलकाता नाइटराइडर्स, दिल्ली डेयरडेविल्स और मुंबई इंडियंस के साथ रह चुके हैं। इंटरनेशनल रिकॉर्ड की बात करें तो कमिंस ने 56 टेस्ट, 88 वनडे और 50 टी–20 खेले हैं।

## खुशी से उछल पड़ीं काव्या मारन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। श्रीलंका केवानिंदु हसरंगा की गिनती वर्ल्ड क्रिकेट के बेहतरीन ऑलराउंडर्स में होती है। भारतीय पिचों पर धीमी स्पिन गेंदबाजी और लोअर ऑर्डर में विस्फोटक बैटिंग की क्षमता उन्हें किसी भी दूसरे प्लेयर से अलग बनाती है। उम्मीद थी कि दुबई में हुए आईपीएल 2024 के ऑक्शन में उनपर पैसों की बरसात होगी, हर टीम उनके पीछे भागेगी, लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद ने हसरंगा को उनके बेस प्राइस यानी सिर्फ डेढ़ करोड़ रुपये में ही खरीद लिया। इतनी कम कीमत पर मिली शानदार डील के बाद फ्रैंचाइजी की मालकिन काव्या मारन की खुशी देखने लायक थी, उनका चेहरा खुशी से खिल उठा था। प्यार मुस्कुराहट देखने लायक थी। दरअसल, आईपीएल 2021, 2022 और 2023 में वानिंदु हसरंगा रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का हिस्सा थे और उनकी फीस 10.75 करोड़ रुपये थी। पिछले कुछ समय से इंजर्ड चल रहे हसरंगा खराब फिटनेस के चलते वर्ल्ड कप भी नहीं खेल पाए थे, ऐसे में आरसीबी ने उन्हें रिलीज कर दिया। हसरंगा ने अपना बेस प्राइस डेढ़ करोड़ रुपये रखा था। सनराइजर्स हैदराबाद ने पहली बोली लगाई और यही आखिरी भी साबित हुई। हसरंगा ने आईपीएल में 26 मैच में 35 विकेट लिए हैं, जिसमें 5<sub></sub>18 उनका बेस्ट बॉलिंग फिगर रहा।

# तेज गेंदबाज पैट कमिंस पर बरसा छप्परफाड़ पैसा

क्रिकेट

### 20.50 करोड़ रुपये में सनराइजर्स हैदराबाद ने अपनी टीम में किया शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्लीरू इंडियन प्रीमियर लीग इतिहास की सबसे बड़ी बोली आज लगी। ऑस्ट्रेलिया के विश्व विजेता कप्तान पैट कमिंस पर छप्परफाड़ पैसों की बारिश हुई। उनपर आज तक के इतिहास की सबसे बड़ी बोली 20.50 करोड़ रुपये में सनराइजर्स हैदराबाद ने अपनी टीम में शामिल किया। इससे पहले सबसे महंगे बिकने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के सैम करन के नाम था। सैम करन को पिछले सीजन में 18.50 करोड़ रुपये में पंजाब किंग्स ने खरीदा था, लेकिन इस बार वह रिकॉर्ड चूर–चूर हो गए।

पैट पर पहली बोली चेन्नई सुपर किंग्स ने लगाई। बेस प्राइस 2 करोड़ से जो शुरुआत हुई तो 20.50 करोड़ रुपये पर जाकर रुकी। दूसरी बोली मुंबई इंडियंस ने लगाई



तो 4.8 करोड़ तक दोनों टीमों में युद्ध होता रहा, लेकिन यहां से रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर ने एंट्री मारी। आरसीबी और चेन्नई के बीच 7.60 करोड़ तक रस्साकशी होती रही। इसके बाद मैदान में उतरी सनराइजर्स हैदराबाद। इसके बाद तो गाड़ी सरपट दौड़ पड़ी।

शायद पैट कमिंस को भी विश्वास नहीं रहा होगा कि उनके लिए इतनी मारा–मारी होगी। पिछले सीजन में कमिंस ने आईपीएल नहीं खेलने का फैसला किया था। इससे पहले वह कोलकाता नाइटराइडर्स टीम का हिस्सा थे। उल्लेखनीय है कि कमिंस की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हराकर विश्व विजेता बनने का गौरव हासिल किया था।

**ट्रैविस हेड पर भी पैसों की बरसात**

ट्रैविस हेड को लेकर जिस तरह की उम्मीद थी कुछ वैसा ही हुआ। आईपीएल 2024 के लिए हुए ऑक्शन में सनराइजर्स हैदराबाद ने इस वर्ल्ड कप विनिंग खिलाड़ी पर बड़ा दांव लगाते हुए 6.8 करोड़ रुपये में टीम से जोड़ा। इस खिलाड़ी ने आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 के खिताबी मुकाबले में शतक जड़ते हुए ऑस्ट्रेलिया को छठी बार चौंपियन बनाया था। इसके बाद से कहा जा रहा था कि आईपीएल ऑक्शन में उनके लिए मारमारी होगी। हेड के लिए चेन्नई ने भी दांव लगाया था, लेकिन आखिरि बोली हैदराबाद ने लगाते हुए खरीद लिया। हेड की बेस प्राइस दो करोड़ रुपये थी। जब बिडिंग शुरू हुई तो पहली बोली सनराइजर्स हैदराबाद ने पहली बोली लगाई। इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स भी मैदान पर उतर गई।

# आरसीबी ने जिसे ठुकराया, पंजाब किंग्स ने गले लगाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के मिनी ऑक्शन में हर्षल पटेल पर पैसों की बारिश हुई। वह अभी तक के ऑक्शन में दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने। पंजाब किंग्स ने 2 करोड़ बेस प्राइज वाले तेज गेंदबाज हर्षल पटेल को 11.75 करोड़ रुपये में खरीदा। रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर ने ऑक्शन से पहले हर्षल पटेल को रिलीज कर दिया था।

हर्षल पटेल को लेकर गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के बीच बोली की जंग चली। शुरू–शुरू में यह 4 करोड़ के ऊपर जा पहुंची। दोनों पीछे हटने को तैयार नहीं थे। बोली बढ़ती गई और रकम 10 करोड़ तक पहुंच गई। गुजरात और पंजाब किंग्स दोनों को इस तेज गेंदबाज में दिलचस्पी दिखाई।

**अर्शदीप और रबाडा के साथ पंजाब के खेमे में शामिल**

आखिरी में गुजरात ने कदम पीछे खींच लिए और पंजाब किंग्स ने बाजी मारी ली। पंजाब ने 11.75 करोड़ रुपये खर्च करते हुए हर्षल पटेल को अपनी टीम में शामिल किया। हर्षल पटेल आईपीएल 2024 मिनी ऑक्शन में सबसे ज्यादा रकम पाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने। आईपीएल नीलामी के इतिहास में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस सबसे महंगे खिलाड़ी बने। पैट कमिंस को सनराइजर्स हैदराबाद ने 20.50 करोड़ की बड़ी बोली लगाकर खरीदा।

बता दें कि पंजाब के पास पहले से अर्शदीप और कगिसो रबाडा जैसे तेज गेंदबाज मौजूद हैं। अब हर्षल पटेल भी इस टीम में शामिल कर लिए गए हैं। इससे पंजाब की तेज गेंदबाजी अटैक को और धार मिली है। हर्षल पटेल को आरसीबी ने रिलीज कर दिया था। उसी वक्त आशंका जाहिर की जा रही थी कि इन पर टीमें बड़ी बोली लगाएंगे।

हर्षल पटेल को आरसीबी ने साल 2012 में 10.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। हर्षल ने आरसीबी के लिए 91 मैच की 89 पारियों में 111 विकेट लिए हैं और कुल 236 रन बनाए हैं। हाल ही में समाप्त हुए विजय हजारे ट्रॉफी में हर्षल पटेल ने 10 मैच में कुल 19 विकेट लिए। टूर्नामेंट में हर्षल पटेल ने 24 रन देकर 5 विकेट लिए थे। राजस्थान के खिलाफ फाइनल मुकाबले में उन्होंने 3 विकेट चटकाए और अपनी टीम को चौंपियंस बनाया।

## डेरिल मिचेल को चेन्नई सुपर किंग्स ने बना दिया मालामाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल 2024 सीजन में न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डेरिल मिचेल चेन्नई सुपर किंग्स की जर्सी में नजर आएंगे। आईपीएल 2024 ऑक्शन में डेरिल मिचेल को सीएसके ने 14 करोड़ रुपये की बोली लगाकर अपनी टीम में शामिल किया। दरअसल, डेरिल मिचेल का बेस प्राइस 1 करोड़ रुपये था। ऐसे में उन्हें सीएसके ने 14 गुना रुपये में अपने साथ जोड़ लिया। इससे पहले साल 2022 में डेरिल मिचेल राजस्थान रॉयल्स का पिछले सीजन में हिस्सा था, लेकिन अगले सीजन के लिए उन्हें रिलीज कर दिया था। आईपीएल 2023 में डेरिल ऑक्शन में अनसोल्ड रहे थे। उन्हें खरीदने के लिए किसी भी फ्रेंचाइजी ने दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। वहीं, आईपीएल 2022 सीजन में डेरिल ने केवल 2 मैच ही खेले थे। बता दें कि आईपीएल 2024 ऑक्श से पहले इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स को रिलीज किया था। इसके बाद अब डेरिल मिचेल बेन स्टोक्स की कमी को पूरा करते हुए नजर आएंगे।

## न्यूज डायरी



### कुछ अलग ही अंदाज में ऑक्शन के लिए पहुंचे ऋषभ पंत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। दुबई के कोका कोला एरिना में ऑक्शन का आगाज हुआ। बता दें कि इस बार दिल्ली कैपिटल्स के साथ ऑक्शन टेबल पर एक खास चेहरा भी दिखने वाला है। वो चेहरा और कोई नहीं बल्कि दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत हैं। जी हां इस बार डीसी के साथ ऑक्शन में ऋषभ पंत भी होंगे। वह ऑक्शन के लिए कोका कोला एरिना पहुंच गए हैं। पंत ब्लैक सूट में नजर आ रहे हैं। उन्होंने आंखो पर गॉगल लगा रखा है। वहीं उन्होंने गले में लॉकेट या माला पहन रखी है। उनकी एक फोटो भी अब सामने आई है। ऋषभ पंत को उम्मीद है कि वह अगले कुछ महीनों में पूरी तरह से फिट हो जाएंगे। इसी के साथ वह अगले साल आईपीएल के दौरान वापसी करेंगे। पंत पिछले साल सड़क दुर्घटना में चोटिल हो गए थे जिसकी वजह से वह साल 2023 में नहीं खेल पाए। वह प्रशंसकों के प्यार और स्नेह से अभिभूत हैं जिससे उन्हें उम्मीद से जल्दी फिट होने में मदद मिली। दिल्ली कैपिटल्स ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो जारी किया है जिसमें पंत ने कहा,'मुझे लगता है कि पिछले कुछ महीने की तुलना में मैं अब काफी बेहतर महसूस कर रहा हूं। मैं अब भी शत प्रतिशत फिटनेस हासिल करने की राह पर हूं। लेकिन उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में मैं पूरी तरह से फिट हो जाऊंगा।' ऋषभ पंत के सड़क दुर्घटना में चोटिल होने के बाद प्रशंसकों ने उनके प्रति जो प्यार और स्नेह दिखाया वह इस विकेटकीपर बल्लेबाज के दिल को छू गया।

### रोमन पॉवेल पर राजस्थान रॉयल्स ने की पैसों की बारिश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के लिए दुबई में मिनी ऑक्शन आयोजित किया गया है। ऑक्शन में वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर खिलाड़ी रोमन पॉवेल नीलाम होने वाले पहले खिलाड़ी बने। पॉवेल को राजस्थान रॉयल्स ने 7.4 करोड़ में खरीदा। रोमन पॉवेल का बेस प्राइज 1 करोड़ रुपये था। क्रिकेट फैंस को आईपीएल 2024 के मिनी ऑक्शन का बेसब्री से इंतजार था, जिसमें 333 प्लेयर्स पर बोली लगने वाली है। नीलामी के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए 333 खिलाड़ियों में से 214 भारतीय हैं, जबकि 119 विदेशी प्लेयर हैं। आईपीएल 2024 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी दुबई में हो रही है। इस नीलामी में सभी 10 टीमों के पास कुल 262.95 करोड़ रुपये हैं। सभी टीमें कुल मिलकर 77 स्लॉट के लिए खिलाड़ियों पर दांव लगाएंगी। गुजरात टाइटंस के पास सबसे ज्यादा 38.15 करोड़ और लखनऊ के पास सबसे कम 13.15 करोड़ रुपये हैं। रोमन पॉवेल इस मिनी नीलामी में सबसे पहले नीलाम होने वाले खिलाड़ी बने। रोमन पॉवेल का बेस प्राइज 1 करोड़ बेस प्राइस था। रोमन पावेल को लेकर कोलकाता और राजस्थान के बीच जमकर लड़ाई हुई। अंत में राजस्थान की टीम ने उन्हें 7.4 करोड़ रुपये की कीमत पर खरीदा। पॉवेल के आने से राजस्थान का मिडिल ऑर्डर और मजबूत हुआ है। शिमरन हेटमायर भी टीम में मौजूद हैं। राइली रूसो का बेस प्राइज दो करोड़ रुपये था। इस खिलाड़ी पर किसी टीम ने दांव नहीं लगाया।

### रोहित के कप्तानी गंवाने पर गावस्कर ने दिया बड़ा बयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अपने जमाने के दिग्गज भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि मुंबई इंडियंस के नवनियुक्त कप्तान हार्दिक पांड्या इस टीम में नई सोच लेकर आएंगे, क्योंकि रोहित थके हुए नजर आ रहे थे और पिछले कुछ वर्षों से उन्होंने बल्लेबाजी में पर्याप्त योगदान नहीं दिया। रोहित और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आइपीएल के सबसे सफल कप्तानों में शामिल हैं। इन दोनों की अगुआई में उनकी टीम ने पांच–पांच खिताब जीते हैं। मुंबई इंडियंस हालांकि 2021 के बाद खिताब नहीं जीत पाया और 2022 में वह अंतिम स्थान पर रहा था। गावस्कर ने कहा कि ऐसा रोहित के थके हुए होने के कारण हो सकता है क्योंकि वह लगातार सिर्फ आइपीएल टीम ही नहीं बल्कि भारत के कप्तान की भूमिका भी निभा रहे थे। उन्होंने कहा कि श्हमें हार्दिक को मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाना सही या गलत के रूप में नहीं देखना है। उन्होंने यह फैसला टीम के फायदे के लिए लिया है। हम कह सकते हैं कि रोहित का यहां तक कि बल्लेबाजी में भी योगदान थोड़ा कम हो गया है। मुंबई इंडियंस में जो जोश पहले दिखाई देता था वैसा नहीं दिखाई दिया।



गढ़वाल मण्डल विकास निगम द्वारा स्थापित कैन्टीन का शुभारम्भ करते हुए सीएम।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने गढ़वाल मण्डल विकास निगम द्वारा स्थापित कैन्टीन का किया शुभारम्भ

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय परिसर में गढ़वाल मण्डल विकास निगम द्वारा स्थापित कैन्टीन का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जी.एम.वी.एन. द्वारा प्रकाशित कॉफी टेबल बुक ''दि होली गंगा'' का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सचिवालय परिसर में जी.एम.वी.एन. की कैन्टीन खुलने से सचिवालय कार्मिकों के साथ प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से सचिवालय आने वाले आगन्तुकों को भी जलपान व भोजन आदि की अच्छी सुविधा उपलब्ध होगी। मुख्यमंत्री ने जीएमवीएन को कैन्टीन के माध्यम से लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। जीएमवीएन के प्रबंध निदेशक विनोद गिरी गोस्वामी ने मुख्यमंत्री को जीएमवीएन द्वारा संचालित कार्यकलापों की जानकारी दी।

### पुलिस को कमल विरमानी सहित 7 का मिला रिमाण्ड

**संवाददाता** देहरादून। सम्पत्ति ध्वस्तीकरण मामले में गिरफ्तार कमल विरमानी सहित सात लोगों का पुलिस को कस्टडी रिमाड मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती कुसुम कपूर द्वारा थाना क्लेमनटाउन पर अपनी सम्पत्ति पर निर्मित भवन को 12 जनवरी 2022 को अमित यादव व उसके साथ आये अन्य व्यक्तियों के द्वारा सम्पत्ति में घुसकर उससे खुर्द–बुर्द करते हुये भवन को धवस्त कर उसमें रखा सामान ले गये लिखित तहरीर के आधार पर 17 जनवरी 22 को थाना क्लेमेन्टाउन पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर लिया।

### विनीता भंडारी की संदिग्ध मौत की जांच के निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। राज्य महिला आयोग ने टिहरी के मुनीकीरेती थाना क्षेत्र में 22 वर्षीय युवती विनीता भंडारी की संदिग्ध मौत की जांच के निर्देश दिए हैं। आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने इस मामले में सख्त नाराजगी जताते हुए एसएसपी टिहरी से जांच कर रिपोर्ट मांगी है। विनीता का अधजला शव चार दिसंबर को देहरादून रोड के जंगल में मिला था। वहीं आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल जो मृतका व उसके परिचित अर्जुन के मोबाइल की भी जांच के लिए निर्देशित किया है।

### गांववासी ने राजनीति में मूल्यों को दी प्राथमिकता

**संवाददाता** देहरादून। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. मोहन सिंह रावत गांववासी ने अपने जीवन यात्रा में राजनीति में मूल्यों को प्राथमिकता दी। वक्ताओं ने उनके आदर्श को जीवंत रखने पर बल दिया। स्व.गांववासी के दून स्थित आवास में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। बीती आठ दिसंबर को गांववासी वैकुण्ठधाम की अनंत यात्रा पर चले गए थे।

# मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है खेल

**शुभारंभ**

■ मुख्यमंत्री ने किया देहरादून में राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ का शुभारंभ

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज रायपुर, देहरादून में राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ का शुभारंभ किया। राज्य के सभी जनपदों से राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में प्रतिभाग करने आये खिलाड़ियों के बीच जाकर मुख्यमंत्री ने उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट प्रदान की जाएगी। राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के शुभारंभ के अवसर पर बालक वर्ग की 800 मीटर दौड़ स्पर्धा के प्रथम तीन स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री ने पुरस्कृत भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। खेल टीमवर्क से कार्य करने का अवसर प्रदान करते हैं। राज्य स्तर पर आयोजित होने वाला यह खेल महाकुंभ उत्तराखण्ड के युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है। पंचायत स्तर, ब्लॉक स्तर और जिला स्तर पर खेलने के बाद खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर इस खेल महाकुंभ में अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। खेल महाकुंभ का उद्देश्य प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर की बड़ी खेल प्रतियोगिताओं के लिए भी तैयार करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में होने वाले आगामी 38वें राष्ट्रीय खेल, उत्तराखंड की खेल प्रतिभाओं के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए विभिन्न अवस्थापना सुविधाएं तैयार करना प्रारंभ कर दिया गया है। जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय खेल सचिवालय का गठन किया गया है, जिससे इन खेलों का संचालन बेहतर रूप से किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों को तेजी से बढ़ावा मिला है। भारत ने हाल में चीन में संपन्न हुए एशियाई खेलों में रिकार्ड 107 पदक जीते। नए जोश के साथ भारत 2030 ''युवा ओलंपिक'' और 2036 में ''ओलंपिक'' खेलों की मेजबानी के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में खेलों का बजट भी पहले के मुकाबले तीन गुना हो चुका है। उत्तराखण्ड में भी गांव से लेकर शहर तक के युवा खिलाड़ियों के लिए अभिनव प्रयोग किये जा रहे हैं। हरिद्वार बने फ्लाईओवर के नीचे खाली पड़ी जगह का प्रयोग कर वहां बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबाल कोर्ट, ओपन जिम बनाये जा रहे हैं। सरकार युवा खिलाड़ियों के लिए नौकरियों में खेल कोटे को भी पुनः प्रारंभ करने के लिए प्रयासरत है। राज्य सरकार प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सीधे सरकारी नौकरी भी देने जा रही है। नई खेल नीति में राज्य के युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए उचित आर्थिक प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है।

## राज्य में नई खेल नीति की जा चुकी लागूः खेल मंत्री

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में खेलों को बढ़ावा देने के लिए राज्य में तेजी से कार्य हो रहे हैं। राज्य में नई खेल नीति लागू की जा चुकी है। जिसमें खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा देने के प्रयास किये गये हैं। राज्य में 08 से 14 वर्ष की आयु के लगभग चार हजार खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन खेल छात्रवृत्ति दी जा रही है। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना से राज्य में 14 से 23 वर्ष के 2600 खिलाड़ियों को लाभान्वित किया जा रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए स्पोर्ट डेवलपमेंट फंड बनाया जा रहा है। चम्पावत के लोहाघाट में गर्ल्स स्पोर्ट कॉलेज बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने खेल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि आगामी राष्ट्रीय खेलों के लिए सभी तैयारियां तेजी से की जाए।

# राज्य को 15 दिनों में डस्टबिन फ्री किए जाने के निर्देश

**समीक्षा**

■सीएस ने प्रदेश में ठोस कूड़ा प्रबंधन के तहत् कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने मंगलवार को सचिवालय में प्रदेश में ठोस कूड़ा प्रबंधन के तहत् कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि ठोस कूड़ा के 100 प्रतिशत निस्तारण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए डोर टू डोर कूड़ा एकत्रिकरण, सोर्स सेग्रीगेशन एवं डस्टबिन फ्री सिटी की दिशा में कार्य किया जाए।

मुख्य सचिव ने अगले 15 दिनों में प्रदेश में विश्वस्तरीय ठोस कूड़ा प्रबंधन प्रणाली विकसित हेतु एक आदर्श प्लान प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए बजट की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। कहा कि विभिन्न योजनाओं से योजना पर कार्य करने के बाद गैप फंडिंग के लिये स्टेट बजट से प्राविधान किया जाएगा। मुख्य सचिव ने प्रदेशभर में विभिन्न स्थानों से लेगेसी वेस्ट को भी शीघ्र हटाए जाने के निर्देश दिए। कहा कि लेगेसी वेस्ट हटाए जाने के बाद खघली पड़ी भूमि का अधिकतम उपयोग हो सके इसके लिए स्थानीय आवश्यकताओं एवं परिस्थितियों के अनुरूप भूमि उपयोग की योजना तैयार की जाए। मुख्य सचिव ने प्रदेशभर को अगले 15 दिनों में डस्टबिन फ्री किए जाने के भी निर्देश दिये। कहा कि 100 प्रतिशत डोर टू डोर कूड़ा उठान तभी संभव होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए कूड़ा उठाने वाले वाहनों की जितनी भी आवश्यकता होगी उसके लिए बजट उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही मैन पावर भी बधाई जाए। उन्होंने लोगों में जागरूकता के लिए भी योजना संचालित किए जाने के निर्देश दिये। कहा कि जहां पर लोगों द्वारा कूड़ा अक्सर फेंका जाता रहा है, उन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। लोगों को भी योजना में शामिल करते हुए कूड़ा फेंकने वाले की फोटो खींच कर भेजने वाले को कूड़ा फेंकने वाले पर लगे चालान की रकम का 50 प्रतिशत इनाम में दिया जाए।

## कांग्रेसियों ने किया स्मार्ट सिटी कार्यालय का घेराव

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को गोलागढ़ रोड स्थित स्मार्ट सिटी लिमिटेड देहरादून के कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अधूरे कार्यों को पूरा करने की मांग की गई। सीईओ स्मार्ट सिटी को ज्ञापन सौंपकर मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर जगह आनन फानन में नाली, नालों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई जगह खुदाई के दौरान सीवर और पेयजल लाइनें क्षतिग्रस्त हुई हैं। लेकिन संबंधित विभाग मरम्मत नहीं करवा रहे। सड़कों पर चौंबर की उंचाई ज्यादा होने से हादसे होने की संभावना बढ़ गई है। जबकि कई जगह बेवजह टाइलें हटाकर दोबारा लगाई जा रही हैं।


In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी द्वारा एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित। संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0 UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।